रोहतक
शनिवार 11 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 66
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 33.7
न्यून. 12.4

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप : भारत ने गोल्ड मेडल जीतकर किया यादगार समापन




## अमेरिका-ईरान वार्ता : उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान पहुंचे

# शांति पर संशय : ईरान बोला, पहले लेबनान में सीजफायर, फिर बातचीत

**ट्रंप बोले : डील नहीं हुई तो अमेरिका फिर हमला करेगा**
**ईरान ने कहा : इजराइली हमले बंद हों, यूएस वादा पूरा करे**

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता से पहले ईरान ने अमेरिका के सामने सख्त शर्त रख दी है। संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं होता तब तक बातचीत शुरू नहीं होगी। उन्होंने ईरान के फ्रीज किए गए फंड जारी करने की मांग की। गालिबाफ ने साफ किया कि ये दोनों मुद्दे वार्ता से पहले हल होना जरूरी हैं। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर डील नहीं होती, तो अमेरिका फिर हमला करेगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी युद्धपोतों को सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इनका इस्तेमाल किया जाएगा। इस बीच, बातचीत के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान पहुंच गए हैं। रवाना होते वक्त उन्होंने कहा कि ईरान ईमानदारी से बातचीत करे और कोई 'खेल' न खेले। वेंस ने कहा कि अगर तेहरान गुड फेथ में बात करेगा, तो अमेरिका भी खुले तौर पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन अगर वह चालाकी करने की कोशिश करता है, तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी।

**अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में डेलिगेशन करेगा बातचीत**


**पाक पीएम बोले-दोनों पक्षों के बीच इस्लामाबाद में बातचीत जरूर होगी**

**ईरानी प्रतिनिधिमंडल के नहीं पहुंचने से अनिश्चितता बनी**

**लेबनान पर हो रहे हमलों को लेकर ईरान नाराज**

**8 अप्रैल को 40 दिन बाद दोनों पक्षों में हुआ था दो सप्ताह के लिए सीजफायर**

**कतर और ब्रिटेन ने जंग के बीच हो रही वार्ता का किया स्वागत**



### इन मुद्दों पर होगी बातचीत

**ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम**

- अमेरिका का कहना है कि ईरान में कोई संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज**

- दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने की बात कर रहा है। वहीं, अमेरिका चाहता है कि रास्ता पूरी तरह खुला और सुरक्षित हो, बिना किसी रुकावट या फीस के।

**बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम**

- अमेरिका ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों पर रोक लगाना चाहता है।

**प्रतिबंधों को हटाना**

- ईरान चाहता है कि सभी अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध तुरंत हटा दिए जाएं, फ्रोजन एसेट्स वापस मिलें और नुकसान का मुआवजा भी दिया जाए।

### खाड़ी देश सही पक्ष में खड़े हों : खामेनेई

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने खाड़ी देशों से सही पक्ष चुनने की अपील की है। उन्होंने अमेरिका और इजराइल पर भरोसा न करने की सलाह दी है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में खामेनेई ने कहा कि मौजूदा हालात को समझना जरूरी है और देशों को सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए। खामेनेई ने हालिया युद्ध में ईरान के टिके रहने को चमत्कार बताया।

### इजराइल बोला-1400 हिजबुल्लाह सदस्य ढेर

इजराइल ने दावा किया है कि लेबनान में जारी जंग के दौरान अब तक 1400 हिजबुल्लाह सदस्यों को मार गिराया गया है। सेना के मुताबिक, मार्च की शुरुआत से हमले तेज किए गए हैं और इस दौरान 4300 हिजबुल्लाह ठिकानों को भी नष्ट किया गया है। आईडीएफ ने कहा कि उसकी पांच सैन्य डिवीजन दक्षिणी लेबनान में एक साथ टार्गेटेड ऑपरेशन चला रही हैं।

# शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रदेशवासियों को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण

## 150 एमबीबीएस सीटों में राज्य के विद्यार्थियों को मिलेगी प्राथमिकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गुरुग्राम में स्थापित किए जा रहे श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस की 150 सीटों तथा 850 बेडों में से 33-33 प्रतिशत हरियाणा के विद्यार्थियों और प्रदेश के लोगों के लिए आरक्षित किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरक्षित सीटों पर फीस अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अनुरूप ही निर्धारित की जाए, ताकि राज्य के विद्यार्थियों को सुलभ और किफायती चिकित्सा शिक्षा मिल सके। मुख्यमंत्री शुक्रवार को परियोजना के पीपीपी मोड पर संचालन एवं रखरखाव को लेकर बुलाई गई कैबिनेट सब-कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में आरक्षित बेडों पर आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### 35.55 लाख लाभार्थियों को 1144.55 करोड़ की राशि दी

**चंडीगढ़।** सीएम सैनी ने शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत 35.55 लाख लाभार्थियों को 1144.55 करोड़ की लाभ राशि वितरित की। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 9.68 लाख लाभार्थियों को 203.28 करोड़ वितरित किए गए। वहीं दयालु योजना के तहत 7875 लाभार्थियों को 298.07 करोड़ की राशि दी गई। सीएम सैनी ने कहा, फरीदाबाद में एचकेआरएन के तहत कार्यरत दो फायरकर्मियों की ड्यूटी के दौरान हुए दुखद हादसे में मृत्यु पर सरकार परिजनों को नौकरी देगी। प्रति परिवार 30 लाख रुपये की राशि जारी करने का निर्णय लिया है।

# जन्मदिन मनाकर मुरथल ढाबे पर खाना खाने जा रहे परिवार की कार को मारी टक्कर, दो बहनों की मौत

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली से मुरथल खाना खाने आ रहे एक परिवार के लिए गुरुवार की रात एक बड़ा हादसा लेकर आई। राई गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई। पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर निवासी आकिब भट्ट ने राई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह अपनी पत्नी जगजीत कौर के साथ साली मंदीप कौर के तिलक नगर शाहपुरा स्थित घर गए थे।



**तेज रफ्तार ट्रक ने कार को बीस मीटर तक घसीटा**

शुक्रवार को मंदीप कौर के बेटे वरदान का जन्मदिन था। इस खास दिन को मनाने के लिए पंजाब के अमृतसर जिले के गांव बुल्हर से मंदीप की बहनें मनप्रीत कौर और सरबजीत कौर भी दिल्ली आई हुई थी। जन्मदिन की पार्टी के बाद परिवार के सदस्यों ने मुरथल के मशहूर ढाबों पर खाना खाने की योजना बनाई। हाईवे पर हिमाचल प्रदेश नंबर के एक भारी और तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में सीधी टक्कर मार दी। सभी घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया गया। अस्पताल में आपातकालीन कक्ष में जांच के बाद चिकित्सकों ने मनप्रीत कौर और मंदीप कौर को मृत घोषित कर दिया। वहीं आकिब की पत्नी और दो अन्य सालियों को भी काफी गंभीर चोटें आई हैं जिनका इलाज चल रहा है।

## खबर संक्षेप



### नीतीश ने ली राज्यसभा सांसद पद की शपथ

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद पद की शपथ ले ली है। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के अलावा बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी इस दौरान संसद भवन में मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण संसद भवन में हुआ, जहां एनडीए और विपक्ष के बड़े नेता भी मौजूद रहे। *एजेंसी*


### राजौरी में बक्से के अंदर मिले दो ग्रेनेड



**राजौरी।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को एक संदिग्ध आईईडी-जैसा बक्सा बरामद किया, जिसमें दो ग्रेनेड थे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। स्थानीय लोगों ने सुंदरबनी क्षेत्र के ठंडीपानी इलाके में संदिग्ध सामग्री देखी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और इलाके को सुरक्षित कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध विस्फोटक सामग्री एक जल निकाय के पास पड़ी हुई पाई गई। यह एक बक्से के अंदर सीलबंद दो ग्रेनेड थे। *एजेंसी*

# रोहद टोल पर रोडवेज बस ने कर्मी को कुचला

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** नेशनल हाइवे-9 पर स्थित रोहद टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह रोडवेज बस की चपेट में आने से टोल कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय लाइन अटेंडेंट कपिल के रूप में हुई है। कपिल टोल के नजदीक लगते सांपला का रहने वाला था और तीन भाई बहनों में मंझला था। कपिल का ड्यूटी पर पहला दिन था। जानकारी के अनुसार, हिसार डिपो की एक बस टोल की लेन नंबर 11 को क्रॉस कर रही थी। टोल शुल्क आदि के लिए कपिल दौड़कर बस के आगे से बूथ की ओर जाने लगा तो चपेट में आ गया और दूर जा गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट आई। आनन-फानन में उसे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।



लेन से क्रॉस कर रही बस के आगे से भागकर बूथ की ओर जा रहा था

## रिहाई के समय सतर्क रही पुलिस

# 11 साल बाद जेल से बाहर आया रामपाल

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** बरवाला क्षेत्र के सतलोक आश्रम प्रकरण में उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल को शुक्रवार को जिला की सेंट्रल जेल-2 से रिहा कर दिया गया। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से दो दिन पूर्व जमानत मिलने के बाद रामपाल की रिहाई हुई है। रामपाल की रिहाई 11 साल चार महीने व 24 दिन बाद हुई है। परिवार के लोग रामपाल को लेने के लिए जेल में पहुंचे। रामपाल सफेद पर्दे लगी लग्जरी गाड़ी में बैठकर निकल गया। बताया गया है कि रिहाई के बाद रामपाल हिसार से सीधा सोनीपत जिले के गोहाना में स्थित धनाना के सतलोक आश्रम पहुंच गया है। उसके काफिले में डिफेंडर, फॉर्च्यूनर जैसी 20 गाड़ियां थी। धनाना गांव में रामपाल के समर्थक जुटे हुए हैं। शुक्रवार सुबह ही कोर्ट के आदेश पर रामपाल के वकीलों ने हत्या के दो मामलों में पांच-पांच लाख के बेल बॉन्ड जमा करवाए।



**सोनीपत के सतलोक आश्रम पहुंचा**

**हाईकोर्ट से दो दिन पहले मिली थी जमानत**

(पेज 3 भी देखें)

# प्रो. मिलाप एमडीयू के कुलपति संदीप बंसल नए रजिस्ट्रार बने

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू), नई दिल्ली के प्रतिष्ठित प्रोफेसर मिलाप पुनिया को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक का नया वाइस-चांसलर (वीसी) नियुक्त किया गया है। हरियाणा के गवर्नर और यूनिवर्सिटी के चांसलर असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया। प्रोफेसर पुनिया की यह नियुक्ति कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए की गई है। इसके अलावा, नियमों के मुताबिक वे 68 साल की उम्र तक इस पोस्ट पर बने रह सकेंगे। वहीं, कुरुक्षेत्र के आई.जी.एन. कॉलेज, लाडवा में वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर संदीप बंसल को एमडीयू का नया रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। वे डॉ. कृष्ण कांत का स्थान लेंगे, जिन्हें इस कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है। डॉ. कृष्ण कांत को अब श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के रजिस्ट्रार पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



प्रो. मिलाप पुनिया



प्रो. संदीप बंसल

## केसी घाट पर हादसा

# यमुना में स्टीमर डूबा 10 पर्यटकों की मौत

**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा के वृंदावन में 30 पर्यटकों से भरा स्टीमर यमुना नदी में पलट गया। हादसे में 10 पर्यटकों की डूबने से मौत हो गई। स्टीमर में सवार सभी पर्यटक पंजाब से घूमने आए थे। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया, हादसा दोपहर करीब 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहार मंदिर से ढाई किमी की दूरी पर है। राहत और बचाव कार्य के लिए सेना आ गई है। गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम भी वृंदावन आ गई है। डीआईजी शैलेश पांडेय ने बताया, पर्यटक 2 स्टीमर में सवार थे। एक पलट गया, जिस पर 25 से 27 लोग सवार थे। 10 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में एक महिला भिवानी की है। 12 घायलों को बाहर निकाल लिया गया है। 3 से 5 लोगों के अभी लापता होने की सूचना है। पर्यटक मनोहर लाल ने बताया- हम सभी पंजाब में लुधियाना, हिसार, और मुक्तेश्वर से हैं।

**दुःखद**

**रेस्क्यू के लिए आर्मी पहुंची, सभी मृतक पंजाब के रहने वाले, मृतकों में एक महिला भिवानी की**

## जज के घर नोट मिलने का मामला

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया पद से इस्तीफा

**इलाहाबाद (एजेंसी)।** हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है। 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन न्यूज एजेंसी ने अगले दिन, यानी 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी। जस्टिस वर्मा ने इस्तीफे में लिखा है- मैं आपके सम्मानित कार्यालय को उन कारणों से परेशान नहीं करना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र लिखना पड़ रहा है। लेकिन गहरे दुख के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं।



**संसद में लाया गया था महाभियोग प्रस्ताव**

**सुप्रीम कोर्ट ने जांच में माना था दोषी**

## टेलीग्राम सीईओ पावेल डुरोव ने एन्क्रिप्शन फ्रॉड बताया

### मैसेंजर एप के खिलाफ दायर नए क्लास एक्शन मुकदमे के बाद शुरू हुआ विवाद

# व्हाट्सएप आपके प्राइवेट मैसेज पढ़ रहा, ये भरोसे लायक नहीं : मस्क

*यह मुकदमा इसी साल जनवरी में ब्रायन वाई. शीराजी और निदा सैमसन नाम के दो यूजर्स ने कैलिफोर्निया के फेडरल कोर्ट में दायर किया था। इसमें मेटा प्लेटफॉर्म्स और एक्सेंचर को पक्षकार बनाया गया है।*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक इलॉन मस्क और टेलीग्राम के सीईओ पावेल डुरोव ने व्हाट्सएप की प्राइवेसी पर सवाल उठाए हैं। मस्क ने कहा कि व्हाट्सएप पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वहीं, डुरोव ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा 'एन्क्रिप्शन' फ्रॉड बताया। यह विवाद अमेरिका में व्हाट्सएप के खिलाफ दायर एक नए क्लास एक्शन मुकदमे के बाद शुरू हुआ है। यह मुकदमा इसी साल जनवरी में ब्रायन वाई. शीराजी और निदा सैमसन नाम के दो यूजर्स ने कैलिफोर्निया के फेडरल कोर्ट में दायर किया गया था। इसमें मेटा प्लेटफॉर्म्स और एक्सेंचर को पक्षकार बनाया गया है।

### एन्क्रिप्शन के बावजूद निजी मैसेज पढ़ रहा व्हाट्सएप

याचिका में दावा किया गया है कि व्हाट्सएप अपने यूजर्स के मैसेज को बीच में ही इंटरसेप्ट करता है। इसमें कहा गया है कि मेटा इन मैसेज को एक्सेंचर जैसी तीसरी पार्टियों के साथ शेयर कर रहा है। जबकि कंपनी दावा करती है कि उसके मैसेज 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन हैं यानी भेजने वाले और पाने वाले के अलावा कोई तीसरा इन्हें नहीं पढ़ सकता।



### व्हाट्सएप की जगह एक्स चैट इस्तेमाल करें : मस्क

इलॉन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए एक्स चैट का इस्तेमाल करने की अपील की और दावा किया कि वहां 'असली प्राइवेसी' मिलती है। वहीं, पावेल डुरोव ने कहा कि वॉट्सएप अरबों यूजर्स को गुमराह कर रहा है। टेलीग्राम ने कभी ऐसा नहीं किया और न ही कभी करेगा।

### मेटा बोला-आरोप पूरी तरह गलत और बेतुके

इन गंभीर आरोपों पर मेटा के प्रवक्ता ने कहा कि मुकदमे में किए गए दावे पूरी तरह से झूठे और बेतुके हैं। वॉट्सएप पिछले एक दशक से सिग्नल प्रोटोकॉल का इस्तेमाल कर रहा है। आपके मैसेज भेजने वाले और पाने वाले के अलावा कोई और नहीं पढ़ सकता।

## खबर संक्षेप

### भाटिया और बौद्ध का कार्यकाल शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा से राज्यसभा के लिए चुने भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस कर्मवीर सिंह बौद्ध का 6 वर्ष का कार्यकाल 10 अप्रैल से आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के अधीन विधायी विभाग ने भारत सरकार के गजट में नोटिफिकेशन जारी कर दोनों सांसदों के निर्वाचन को विधिवत अधिसूचित कर दिया है।

16 मार्च 2026 को हरियाणा की 2 राज्यसभा सीटों के लिए मतदान हुआ था। मतगणना देर रात तक चली थी, जिसके बाद दोनों उम्मीदवारों को विजयी घोषित कर दिया गया था और रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें जीत का प्रमाण-पत्र भी दे दिया था। संजय भाटिया और कर्मवीर बौद्ध का कार्यकाल 10 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 9 अप्रैल 2032 तक रहेगा।

### मंडियों में परेशान हो रहे किसान : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव ने हरियाणा में एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीद की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि खरीद में देरी और अव्यवस्था के कारण किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के बड़े हिस्से में खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

### अनाज मंडियों में पुख्ता इंतजाम, हर किसान की फसल खरीदेगी सरकार : मुख्यमंत्री

# नायब का कांग्रेस पर कटाक्ष, बोले- पहले किसानों को कतारों में खड़ा रहना पड़ता था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल फसल खरीद को लेकर किसानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उनके अपने शासनकाल की बदहाल व्यवस्था किसी से छिपी नहीं हैं। वर्तमान सरकार ने मंडियों में सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रत्येक मंडी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों को जिलों की जिम्मेदारी दी गई है और मंत्री, विधायक व प्रशासनिक अधिकारी लगातार मंडियों का दौरा कर रहे हैं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि 10 साल हरियाणा में कांग्रेस का शासन रहा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री रहे, उन्होंने शासन नहीं किया बल्कि राज किया। उनके राज में किसानों को क्या—क्या परेशानियां होती थी। उस दौरान किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए 3 से 7 दिन तक मंडियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता था। बोरियों की सप्लाई भी नहीं होती थी। मंडी में पड़ी फसल भी बारिश में भिगती थी, तो किसान अपने पैसे से तिरपाल लेकर आता था। सीएम ने हमला बोला और कहा कि कांग्रेस बताए कि उन्होंने अपने 10 साल में फसल सुरक्षा के लिए कितने गोदाम बनाए हैं। कांग्रेस के समय में फसल के अंदर कटौती होती थी। इनके समय में सिस्टम बहुत धीमा था।



**चंडीगढ़।** संत कबीर कुटीर में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### मुआवजे के नाम पर किसानों को 2-2 रुपये के चेक देती थी कांग्रेस

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के समय किसानों को पैसा भी समय पर नहीं मिलता था। यहां तक कि इनके समय में ये मुआवजे के भी 2—2 रुपये के चैक किसानों को देते थे और किसान का मजाक बनाते थे। आज हमारी सरकार उन व्यवस्थाओं को ठीक कर रही है तो कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान की फसल का एक—एक दाना खरीदने का काम सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां देश के लिए ठीक नहीं थी, बल्कि उनके परिवार के लिए ठीक थी। इनकी गलत नीतियों के कारण इन्होंने देश को पीछे धकेला। कांग्रेस के आज हालात ऐसे हो गए हैं, जैसे पानी के बाहर मछली को रख दिया हो।सीएम सैनी ने कहा कि आजादी के बाद यदि गरीब की चिंता किसी ने की है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। उनकी सोच थी कि गांव—गांव तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे और जो व्यक्ति किसी कारण से भी सरकारी कार्यालयों में नहीं जा सकते, उन तक भी योजनाओं को पहुंचाया जाए।

## न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी पर मजदूर संगठनों ने सीएम का जताया आभार



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी से भारतीय मजदूर संघ सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर न्यूनतम वेतन में की ऐतिहासिक बढ़ोतरी के लिए उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के साथ यह मुलाकात संत कबीर कुटीर आवास में हुई, इस दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ के ऑल इंडिया वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार ने किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी पहनाकर सम्मान भी किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री का मुंह भी मीठा करवाया।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार सदैव श्रमिकों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के श्रमिक वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर को बेहतर करना है।

भारतीय मजदूर संघ ऑल इंडिया वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार ने श्रमिकों के हित में बड़ा कदम उठाया है। न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड की एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर हरियाणा सरकार ने बजट में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की घोषणा की। हाल ही में सरकार ने अनस्किल्ड (अकुशल) श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ाकर लगभग 15,220 प्रति माह किया गया है, जो कि लगभग 35% की वृद्धि है। यह बढ़ोतरी राशि के रूप में 4 हजार से अधिक बैठती है। इस फैसले से प्रदेश के श्रमिक वर्ग में खुशी की लहर है।

## न्यूज डायरी

### स्टार्टअप से देश के विकास को गति मिली : प्रो. घोष



**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने कहा कि आज भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र नवाचार-आधारित विकास की शक्ति का प्रमाण है जिसमें 1 लाख 20 हजार से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं जिनसे 12 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने यह बात शुक्रवार चंडीगढ़ स्थित हयात रिजेंसी में टाईकॉन चंडीगढ़-2026 की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितगण को संबोधित करते हुए कही। उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस कॉन्फ्रेंस की सराहना करते हुए उन्होंने आयोजकों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### विस अध्यक्ष ने सीपीए सम्मेलन को संबोधित किया



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के भारत क्षेत्र के जोन-7 (वेस्ट जोन) के सम्मेलन को संबोधित किया। यह सम्मेलन 8 से 10 अप्रैल तक गोवा की राजधानी पणजी में आयोजित किया गया। विस अध्यक्ष ने शुक्रवार को '2047 तक विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, गोवा विधान सभा अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### विधानसभा के अधिकारियों ने ली एआई की ट्रेनिंग

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा प्रथम और द्वितीय श्रेणी अधिकारियों का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर प्रशिक्षण पूरा हो गया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के प्रयास से आयोजित यह तकनीकी प्रशिक्षण हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान के पंचकूला के सेक्टर-25 स्थित केंद्र में वीरवार और शुक्रवार को आयोजित 4 सत्रों में करवाया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान एआई को सीखने के तौर तरीके और नैतिकता संबंधी मापदंडों के बारे में पढ़ाया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की मूलभूत अवधारणाओं को परिभाषित करते हुए शासन और सार्वजनिक सेवाओं में एआई के विभिन्न अनुप्रयोगों की पहचान करने के तौर तरीके भी बताए गए। सुपरवाइज्ड, अनसुपरवाइज्ड और रीइन्फोर्समेंट लर्निंग के बीच अंतर स्पष्ट किया गया।

**THE MEHAM COOP. SUGAR MILLS LTD. MEHAM (ROHTAK)**

**E-TENDER NOTICE**

Original manufacturers/Distributors/Reputed & Experienced Contractors are required to submit their rates by e-tendering for following jobs/material 1) Mill rollers Deshelling and Reshelling, 2) Trash plate & Scrapper, 3) Chain & Chain spares, 4) Boiler IBR jobs, 5) Hydraulic Cap work, 6) Feed Pump Spares, KSB Make, 7) Hiring of CA/ Advocate for various GST work. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering portal - **http://etenders.hry.nic.in** as mentioned above items. The tender should reach online on or before 20.04.2026 at 09:00 AM through e-tendering portal http://etenders.hry.nic.in. The technical bids will be opened on 20.04.2026 at 09:10 AM and commercial bids will be opened on 20.04.2026 at 09:20 AM and negotiation will be held on 21.04.2026 at 11:00 A.M. in office of undersigned. Purchase of Material and Job work will be made as per government policy. The mills management reserves the right to accept/reject any/all tender/tenders, item/items without assigning any reason.

**Sd/- Managing Director**

## नोटबंदी में जब्त 14.15 लाख को नई करंसी में बदलकर देने का आदेश

हाईकोर्ट का अहम फैसला



■ केंद्र की अधिसूचना का हवाला देकर अदालत ने खत्म किया ब्यूरोक्रेटिक लिम्बो

**चंडीगढ़।** नोटबंदी के बाद वर्षों तक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझी पुरानी करंसी कोनई करंसी में बदलने का रास्ता साफ हो गया है।पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में भारतीय रिजर्व बैंक को निर्देश दिया है कि वह 14.15 लाख रुपये की जब्त और बाद में रिलीज की गई पुरानी करंसी को चार सप्ताह के भीतर नई करंसी में बदलकर दे। जस्टिस जगमोहन बंसल की पीठ ने स्पष्ट किया कि जब किसी व्यक्ति की राशि को सरकारी एजेंसियां जांच के बाद वैध मानकर वापस कर चुकी हैं, तो उसे केवल इस आधार पर बेकार नहीं छोड़ा जा सकता कि वह पुरानी करेंसी में है।

मामला उस याचिकाकर्ता से जुड़ा है, जिसकी राशि पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा जब्त की गई थी और बाद में आयकर विभाग ने भी जांच के दायरे में लिया। विस्तृत जांच के बाद आयकर विभाग ने 17 जुलाई 2025 के आदेश के तहत पूरी राशि को वैध मानते हुए रिलीज करने का निर्देश दिया। इसके बाद 30 जुलाई 2025 को पंचनामा के जरिए 14,15,000 रुपये याचिकाकर्ता को लौटा दिए गए। हालांकि, समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। नोटबंदी के बाद बंद हो चुकी पुरानी करेंसी होने के कारण यह रकम व्यवहार में उपयोग के योग्य नहीं रही। याचिकाकर्ता ने कई बार आरबीआई से संपर्क किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

## डेरामुखी की याचिका पर सीबीआई और अन्य को नोटिस

**चंडीगढ़।** साध्वियों के यौन शोषण मामले में सजा काट रहे डेरा मुखी गुरमीत सिंह की सजा के खिलाफ अपील पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सुनवाई शुरू करते हुए सीबीआई व अन्य पक्ष को 23 अप्रैल तक जवाब दायर करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की खंडपीठ ने कहा कि इस अपील पर कौन सी बेंच सुनवाई करेगी यह भी तय किया जाएगा, तब तक सभी प्रतिवादी पक्ष अपना जवाब करेंगे । डेरे की दो साध्वियों के यौन शोषण मामले में पंचकूला की सीबीआई कोर्ट ने अगस्त 2017 में डेरा मुखी को दोषी करार देते हुए उसे 10-10 साल की सजा सुनाई थी और साथ ही डेरा मुखी पर 30 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगा दिया था।

## 5 आईएएस और 15 एचसीएस का तबादला, विजय कुमार सिद्धप्पा श्रम आयुक्त नियुक्त

**चंडीगढ़।** प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल का सिलसिला जारी है। सरकार ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से पांच आईएएस और 15 एचसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण और नियुक्ति आदेश जारी किए।

**विजय कुमार सिद्धप्पा भाविकट्टी:** राज्यपाल का सचिव, श्रम आयुक्त तथा श्रम विभाग का विशेष सचिव
**अनीश यादव :** हैफेड और हरियाणा इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग कॉरपोरेशन, गनौर के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार
**विक्रम :** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम का प्रबंध निदेशक तथा ऊर्जा विभाग का विशेष सचिव, हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के प्रबंध निदेशक भी रहेंगे।
**सचिन गुप्ता:** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, रोहतक के प्रशासक तथा शहरी सम्पदा, रोहतक अतिरिक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार
**डॉ. सुभिता ढाका :** रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां नियुक्त
**अमित कुमार-1 :** उपमंडल अधिकारी (नागरिक), पुन्हाना का कार्यभार सौंपा गया
**वीरेंद्र चौधरी :** जिला परिषद कुरुक्षेत्र और डीआरडीए कुरुक्षेत्र का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया
**मनीष कुमार लोहान:** खान एवं भूविज्ञान विभाग तथा सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार
**सुरेंद्र सिंह-2 :** मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां, सोनीपत में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)
**वेद प्रकाश :** उपमंडल अधिकारी डबवाली
**भूपेंद्र सिंह :** उपमंडल अधिकारी पलवल
**अश्वीर सिंह :** उपमंडल अधिकारी बरवाला
**संजीव कुमार:** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बावल
**अनमोल :** सहकारी चीनी मिल, सोनीपत का प्रबंध निदेशक नियुक्ति किया गया
**ज्योति नागपाल :** सिटी मजिस्ट्रेट गुरुग्राम
**सपना यादव :** संयुक्त निदेशक (प्रशासन), हिपा गुरुग्राम का कार्यभार सौंपा गया
**हनी बंसल :** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) फरीदाबाद
**अंकित कुमार-2 :** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) गोहाना का कार्यभार सौंपा गया
**सुश्री चिनार :** स्कूल शिक्षा विभाग में उप सचिव नियुक्त
**हरिराम :** उपमंडल अधिकारी हथीन नियुक्त किया

■ *वहीं एचसीएस अधिकारी शंभू तथा मनोज कुमार-1 व अप्रतिम सिंह की नियुक्ति आदेश बाद में जारी किए जाएंगे। अधिकारी कार्यमुक्त होने के बाद मुख्य सचिव कार्यालय में अपनी ज्वाइनिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।*

### उधर, चार आईपीएस पदोन्नत


## जशनदीप सिंह रंधावा, सुमेर प्रताप दीपक गहलावत और सुनील कुमार को डीआईजी बनाया

**चंडीगढ़।** सरकार ने पुलिस महकमे में शुक्रवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 2012 बैच के चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, इन अधिकारियों को अब पुलिस अधीक्षक (एसपी) से पदोन्नत कर पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) बनाया है।
**जशनदीप सिंह रंधावा:** अंबाला और रोहतक के एसपी रह चुके रंधावा डीजीआई पदोन्नत
**सुमेर प्रताप:** पंचकूला के डीसीपी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे सुमेर प्रताप अब डीआईजी रैंक संभालेंगे
**दीपक गहलावत:** चरखी दादरी और अन्य जिलों में कप्तानी कर चुके गहलावत का भी कद बढ़ाया गया है
**सुनील कुमार:** 2012 बैच के चौथे अधिकारी जिन्हें अब डीआईजी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### डीपीसी की बैठक में मुहर

सूत्रों अनुसार, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में इन अधिकारियों के नामों पर विचार किया था। रिकॉर्ड और परफॉर्मेंस की समीक्षा के बाद सरकार ने इन्हें पे-मैट्रिक्स लेवल-13 में पदोन्नत करने के आदेश जारी किए। आदेश के साथ ही पुलिस विभाग के शीर्ष स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। चर्चा है कि जल्द ही 1994 बैच के अधिकारियों को भी एडीजीपी से डीजीपी रैंक पर प्रमोट किया जा सकता है, जिससे पुलिस मुख्यालय के ढांचे में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

## मंडियों में खरीद व्यवस्था फेल : दुष्यंत



**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज भाजपा सरकार की नाकामियों की वजह से प्रदेश के किसान प्रताड़ित हो रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा न तो समय पर फसल खरीद की व्यवस्था की गई और न ही फसल खराबे पर किसानों की राहत के लिए कोई कदम उठाए जा रहे है। दुष्यंत चौटाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा फसल खरीद के दिए आंकड़ों को दोहराते हुए भाजपा सरकार को घेरा और कहा कि सीएम को ये भी पता नहीं है कि खरीद, उठान, भुगतान प्रक्रिया कैसे चल रही है? वे शुक्रवार को पंचकूला में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

**SBFC एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड** | **पंजीकृत कार्यालय :- यूनिट नं. 103, प्रथम तल, सी एंड बी स्क्वेयर, संगम कॉम्पलैक्स, गांव चकाला, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059**

**कब्जा सूचना** (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (2) के अनुरूप)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित कर्जदारों / सह-कर्जदारों को डिमांड नोटिस जारी किये जिनमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कहा गया। कर्जदार / सहकर्जदारों द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर कर्जदार / सह-कर्जदारों को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार/सह-कर्जदारों को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग **एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड** की वसूली के अधीन होगी।

| कर्जदारों का नाम और पता एवं डिमांड नोटिस की तिथि | सम्पत्ति (यों) का वर्णन और कब्जे की तिथि | कब्जा सूचना में मांगी गई राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 1. **नवीन यादव (आवेदक)**, 2. **रजनी यादव (सह-आवेदक)**, **पता** : चीता डुंगरा 37, रेवाड़ी निकट राजकीय विद्यालय, रेवाड़ी, हरियाणा 123102, **और पर भी** : 1ए. नवीन यादव (आवेदक) मकान नंबर 1, खेवट नंबर 231, खतौनी नंबर 269, गांव-चीता डुंगरा, तहसील एवं जिला रेवाड़ी, हरियाणा 123102 की राजस्व सम्पदा में स्थित **ऋण अकाउंट नम्बर** 0000007859 (**पीआर** 01432757), **डिमांड नोटिस तिथि** : 12 जनवरी 2026 | गांव - चीता डूंगरा, तहसील व जिला रेवाड़ी, हरियाणा 123102 की राजस्व सम्पदा में स्थित सम्पत्ति जो मकान नं. 1, क्षेत्रफल माप सम्पत्ति जो खेवट नं. 231, खतौनी नं. 269, अर्थात 5 भूमि क्षेत्रफल माप 4 कनाल, 8 मरला, इसका 1/70 भाग, जिसका हिस्सा 0 कनाल 1 मरला 2 सरसाई है और खेवट नं. 232, खतौनी 270, अर्थात 14 भूमि माप 65 कनाल 17 मरला, इसका भाग 11/1317, जिसका हिस्सा 0 कनाल 11 मरला 0 सरसाई है, इस प्रकार हिस्सा 0 कनाल 12 मरला 2 सरसाई (366 वर्ग गज) है। सीमाएँ : पूर्व : गली, पश्चिम : शिवकुमार का मकान, उत्तर : सुमन पत्नी रामानंद का मकान, दक्षिण : रमेश पुत्र मेहर चंद का मकान। **सांकेतिक कब्जे की तिथि : 8 अप्रैल, 2026** | रु. **2134312/-** (रुपये इक्कीस लाख चौंतीस हजार तीन सौ बारह केवल) **10 जनवरी 2026 के अनुसार, जमा 11 जनवरी 2026 की तिथि से अप्रयुक्त ब्याज** |

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : रेवाड़ी (हरियाणा), दिनांक : 11.04.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, एसबीएफसी फाइनैंस लिमिटेड

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जसविन्दर सिंह पुत्र राम चन्द (कर्जदार), कुलवंत कौर पत्नी जसविन्दर सिंह (सह-कर्जदार), मकान नं. 112/13, सेक्टर-13, जंडवाला मौहल्ला-सिरसा, हरियाणा-125056 / मोबाइल नं. **9354958406** **LHSIR00001324029.** | कुलवंत कौर के पक्ष में दस्तावेज नम्बर 6933 दिनांक 24.01.2017 के अनुरूप खन्ना कॉलोनी, सिरसा गांव खारपुर, तहसील व जिला सिरसा में स्थित भूमि 200 वर्ग गज का 1/2 हिस्सा जो सम्पत्ति/प्लॉट नं. 431 माप 100 वर्ग गज (उत्तर) के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : प्लॉट नं. 432, 60 फीट, दक्षिण : प्लॉट का शेष भाग 60 फीट, पूर्व : 20 फीट चौड़ी गली 15 फीट, पश्चिम : अन्य मकान 15 फीट। /कब्जे की तिथि- 08.04.2026. | **28-01-2026** **रु. 8,27,080/-** | हिसार |
| 2. | जसविन्दर सिंह पुत्र राम चन्द (कर्जदार), कुलवंत कौर पत्नी जसविन्दर सिंह (सह-कर्जदार), मकान नं. 112/13, सेक्टर-13, जंडवाला मौहल्ला-सिरसा, हरियाणा-125056 / मोबाइल नं. **9354958406** **LHSIR00001324030.** | कुलवंत कौर के पक्ष में दस्तावेज नम्बर 6933 दिनांक 24.01.2017 के अनुरूप खन्ना कॉलोनी, सिरसा गांव खारपुर, तहसील व जिला सिरसा में स्थित भूमि 200 वर्ग गज का 1/2 हिस्सा जो सम्पत्ति/प्लॉट नं. 431 माप 100 वर्ग गज (उत्तर) के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : प्लॉट नं. 432, 60 फीट, दक्षिण : प्लॉट का शेष भाग 60 फीट, पूर्व : 20 फीट चौड़ी गली 15 फीट, पश्चिम : अन्य मकान 15 फीट। /कब्जे की तिथि- 08.04.2026. | **28-01-2026** **रु. 3,62,008/-** | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक : 11 अप्रैल 2026** — **प्राधिकृत अधिकारी,**
**स्थान : सिरसा** — **आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :—

SW/JSO/1461

हमकि (1) धर्मबीर पुत्र छोटू पुत्र हिम्मत व (2) मनोज कुमार (3) मोनु कुमार (4) सोनु कुमार पुत्रान धर्मबीर पुत्र छोटू निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022—23, के अनुसार खेवट न0 267 मिन / 246, खाता न0 272 मिन, मु0 न0 77, किला न0 5 / 2(7—19), 6(8—0), 15(8—0), 16 / 1(5—2), 17 / 2(7—9), 24(5—2), किते 6, तादादी रकबा 41 कनाल 12 मरले (जिसमें धर्मबीर 119 / 1559 भाग व मनोज कुमार — मोनु कुमार — सोनु कुमार हर तीन समभाग 1440 / 1559 भाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से कुल रकबे का 393 / 416 भाग, बकदर 39 कनाल 6 मरले (4.9125 एकड़) (जिसमें धर्मबीर 119 / 1559 भाग व मनोज कुमार 42125 / 162136 भाग व मोनु कुमार — सोनु कुमार हर दो समभाग 394683 / 648544 भाग) वाका रकबा मौजा सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 77, किला न0 5 / 2(7—19), 6(8—0), 15(8—0), 16 / 1(5—2), 17 / 2(7—9), 24 मिन उत्तर (2—16), किते 6, तादादी रकबा 39 कनाल 6 मरले (4.9125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :—

7469

हमकि (1) मनोज कुमार (2) मोनु कुमार (3) सोनु कुमार पुत्रान धर्मबीर पुत्र छोटू निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022—23, के अनुसार खेवट न0 267 मिन / 246, खाता न0 272 मिन, मु0 न0 77, किला न0 5 / 2(7—19), 6(8—0), 15(8—0), 16 / 1(5—2), 17 / 2(7—9), 24(5—2), किते 6, तादादी रकबा 41 कनाल 12 मरले का 1440 / 1559 भाग, बकदर 38 कनाल 8.49 मरले (जिसमें मनोज कुमार — मोनु कुमार — सोनु कुमार हर तीन समभाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से कुल रकबे का 23 / 416 भाग, बकदर 2 कनाल 6 मरले (0.2875 एकड़) (जिसमें मनोज कुमार 5 / 104 भाग व मोनु कुमार — सोनु कुमार हर दो समभाग 3 / 416 भाग) वाका रकबा मौजा सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर को बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 77, किला न0 24 मिन दक्षिण (2—6), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 6 मरले (0.2875 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 10.04.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0—285, सैक्टर—14,
गुरूग्राम — 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में मौजूदा नागरिक हस्पताल के प्रथम तल पर डीईआईसी का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 09.04.2026 16.04.2026 | 25.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed- rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | नागरिक हस्पताल सिरसा के कैम्पस में स्ट्रीट/सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान और फूड, ड्रग एडीएम ऑफिस, 2 अदद चिकित्सक आवासों और एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र/पीएनबीटी में ई.आई. की विशेष मरम्मत/मेन इलैक्ट्रिक रूम में वैद्युत वितरण पैनल का प्रावधान (लेखा शाखा/नशा मुक्ति केन्द्र में सौन्दर्यीकरण के ई.आई. आंतरिक कार्य का प्रावधान)। | 09.04.2026 16.04.2026 | 8.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | कि.मी. 0.00 से 6.000 टेल तक भुरथला डिस्टी. की आंतरिक सफाई + 6 कार्य। | 09.04.2026 15.04.2026 | 13.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | आरडी 115400/एल से आरडी 113200/एल तक पक्का पथ और गांव जलमाना के निकट आरडी 113200/एल पर नारदक डिस्टी. पर स्थाई पम्प हाउस का निर्माण + 1 कार्य। | 09.04.2026 16.04.2026 | 68.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 0 से 51500 तक गांधरा ड्रेन की आंतरिक सफाई + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.04.2026 | 61.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद फतेहाबाद | जमालपुर शेखां - गांव जमालपुर शेखां ब्लॉक टोहाना जिला फतेहाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 08.04.2026 15.04.2026 | 0 | https://etenders.hry.nic.in | 01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | गांव चिड़ी ब्लॉक लाखनमाजरा में गांव में पार्क (पंचायत समिति कार्य) में मिट्टी भराई। | 07.04.2026 13.04.2026 | 13.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhamajra@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज झज्जर | 61.03 :- गांव मांडोठी ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में खेत रास्ता ढेरो वाला गोंडा का निर्माण + 4 कार्य। | 09.04.2026 16.04.2026 | 231.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 prexeeng.jjr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | भादसों - गांव भादसों ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में व्यायामशाला 4 एकड़ का निर्माण, स्कीम जीपी फंड + 2 कार्य। | 09.04.2026 20.04.2026 | 77.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | पाउडर रूप में आईएसआई मार्क्ड पॉली एल्यूमीनियम क्लोराइड की खरीद। | 10.04.2026 11.05.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** — पीआरडीएच-11/2027/200/44607/I/88/6 दि. 10.04.26

## रोहतक, गुरुग्राम व फरीदाबाद में हत्या से दहशत

# भालौठ में रंजिश के चलते बदमाश 'नारद' की गोलियां मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव भालौठ में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान विकास उर्फ नारद पुत्र रमेश के रूप में हुई है। घटना गुरुवार रात उस समय हुई जब विकास किसी काम से बाहर निकला था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपी ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 4 से 5 राउंड फायर किए गए, जिससे विकास गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विकास का गांव के ही एक युवक आलोक से लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो इस वारदात का कारण बना। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने एक नामजद व अन्य पर केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि विकास ने 26 मई 2025 को भालौठ में शराब ठेके के बाहर फायरिंग कर वीडियो वायरल किया था।


विकास उर्फ नारद।

**2025 में शराब ठेके के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर वीडियो किया था वायरल**

### सरकारी स्कूल में सिर फोड़कर युवक की ली जान

**गुरुग्राम।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय हेलीमंडी में शुक्रवार सुबह युवक की हत्या कर दी गई। टीचर और अन्य स्टाफ जब स्कूल पहुंचे तो उन्हें युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी मिली। फर्श पर खून फैला हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि किसी भारी वस्तु को सिर पर मारकर युवक की हत्या की गई है। मृतक युवक की पहचान रवि (20) के रूप में हुई है। वह यूपी के ललितपुर का रहने वाला है। परिजनों ने बताया कि रवि गुरुवार रात से लापता था। सुबह पुलिस ने उन्हें हत्या की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक रवि परिवार के साथ हेली मंडी क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। उसके पिता की कई साल पहले ही मौत हो चुकी है। घटनास्थल पर पुलिस को शराब की खाली बोतल और कुछ नमकीन के पैकेट भी मिले हैं। इससे एक अंदाजा यह भी लगाया जा रहा है कि स्कूल में पहले दोस्तों ने शराब पी और आपसी विवाद में हत्या कर दी गई। असल कारण तो जांच के बाद ही सामने आएंगे।

### प्रेम प्रसंग में युवक को चाकू से गोदकर मारा

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र में बदरपुर बॉर्डर के पास हाईवे पर स्थित रेड लायन नाम के गेस्ट हाउस के बाहर गुरुवार देर रात तीन युवकों ने चाकू घोंपकर 25 वर्षीय युवक की हत्या कर दी। मृतक युवक का नाम सचिन मेहरा था, वह पल्ला क्षेत्र में सूर्या विहार का रहने वाला था। पुलिस ने मौके से एक युवक को हिरासत में लिया है। हत्या का कारण प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि एक युवती को भी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार, सचिन मेहरा पल्ला क्षेत्र में ही एक अस्पताल में काम करता था। देर रात गेस्ट हाउस में काम करने वाले जीतू नाम के युवक ने उसे फोन करके मिलने के लिए बुलाया था। बताया कि सचिन बाइक से गेस्ट हाउस के बाहर पहुंचा। इसी दौरान तीन युवक वहां पहुंचे। उन्होंने पहले सचिन के साथ हाथापाई की, इसके बाद एक युवक ने उस पर चाकू से कई बार वार कर दिए। सचिन की मौके पर ही मौत हो गई।

## गुरुग्राम में तोड़फोड़ और आगजनी में 56 श्रमिक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर में बुधवार को हड़ताल के दौरान पुलिस की बाइक जलाने, गाड़ी तोड़ने व पत्थरबाजी आदि उपद्रव में 56 श्रमिकों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार शाम को पुलिस इन्हें जिला कोर्ट में लेकर आई, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भौंडसी जेल भेज दिया गया है। इनमें से अधिकतर फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारी बताए जा रहे हैं, जो प्रवासी हैं। यह वेतन वृद्धि समेत अन्य मांगों को लेकर कई दिन से हड़ताल कर रहे थे।

## नप क्लर्क 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पलवल।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर परिषद पलवल के एक क्लर्क सुनील कुमार को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता धर्म सिंह ने एसीबी को शिकायत दी थी कि नगर परिषद पलवल में कार्यरत क्लर्क सुनील, जो अतिरिक्त रूप से पटवारी का कार्य भी देख रहा था, उससे उसकी जमीन को नगर परिषद सीमा में न दिखाने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है।

### भीड़ इकट्ठी नहीं करने की शर्त पर मिली साढ़े 11 साल बाद जमानत

# लग्जरी गाड़ियों के काफिले के साथ जेल से सीधे धनाना आश्रम पहुंचा रामपाल

> अनुयायियों ने की फूलों की वर्षा, ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत, भारी भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

हाईकोर्ट से देशद्रोह के मामले में जमानत मिलने के बाद सतलोक आश्रम संचालक रामपाल शुक्रवार को जेल से बाहर आ गया। करीब 11 साल बाद रामपाल हिसार जेल से बाहर आया है। करीब 20 लग्जरी गाड़ियों के काफिले के साथ रामपाल सोनीपत के गांव धनाना स्थित सतलोक आश्रम पहुंचा। यहां उसके स्वागत के लिए पहले से ही भारी भीड़ जमा थी। लंबे समय बाद उसके बाहर आने को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सतर्क नजर आया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बता दें कि रामपाल लंबे समय से विभिन्न कानूनी मामलों का सामना कर रहा है, जिनमें से एक प्रमुख मामला देशद्रोह से जुड़ा हुआ था। इसी मामले में अब हाईकोर्ट ने जमानत देने का फैसला सुनाया है। जमानत में शर्त है कि रामपाल ऐसा कोई भी कार्यक्रम नहीं करेगा, जिसमें भीड़ एकत्र हो और शांति भंग हो।


**गोहाना।** धनाना आश्रम पहुंचने पर रामपाल का स्वागत करते अनुयायी।

### ट्रैक्टरों के काफिले के साथ आश्रम तक ले गए अनुयायी

गांव धनाना में प्रवेश करते ही रामपाल का उसके अनुयायियों ने स्वागत किया। जैसे ही उसका काफिला गांव की सीमा में पहुंचा लोगों ने छतों और रास्तों से फूलों की जमकर वर्षा की और ढोल नगाड़ों की थाप पर जश्न मनाया। एक बड़ा ट्रैक्टरों का काफिला तैयार किया हुआ था, जिसके साथ सतलोक आश्रम तक लेकर गए। भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान वीरेंद्र, मनोज, युद्धवीर जाटायन, पहलवान वजीर सिंह, रामेश्वर राठी, सरपंच प्रतिनिधि अनिल और सतीश ढुल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### गांव में लगाया विशाल लंगर

रामपाल के धनाना स्थित सतलोक आश्रम पहुंचने की खुशी में उसके अनुयायियों ने गांव में विशाल लंगर का भी आयोजन किया। दूर दराज के इलाकों से पहुंचे लोगों के लिए भोजन और पानी की विशेष व्यवस्था की गई थी। आश्रम के सेवादारों ने पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए कमान संभाली हुई थी और भीड़ को अनुशासित तरीके से आश्रम में प्रवेश करवाया जा रहा था।

## फर्जी मेडिकल डिग्री के आरोप में हिसार का पूर्व पार्षद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद महेंद्र जुनेजा को बीएएमएस की फर्जी डिग्री मामले में पंचकूला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेशी के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में अंबाला जेल भेज दिया गया है। यह मामला 12 मई 2023 को पंचकूला सेक्टर-5 थाने में दर्ज केस नंबर 142 से जुड़ा है, जिसमें फर्जी मेडिकल डिग्री और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट का खुलासा हुआ था। शिकायत हरियाणा काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन के रजिस्ट्रार डॉ. दिनेश शर्मा ने दी थी। जांच में सामने था कि जुनेजा का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट फर्जी था। रिकॉर्ड मिलान में पता चला कि जिस सर्टिफिकेट नंबर और तारीख का इस्तेमाल किया गया, वह असल में किसी अन्य डॉक्टर के नाम जारी हुआ था।

### 2022 में पड़ा था छापा

चर्चा है कि लगभग चार साल पहले मई 2022 में भाजपा पार्षद रहे डॉ. महेंद्र जुनेजा के घर कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा पहुंचे थे और कांग्रेस का पटका उनके गले में डाला था। हालांकि विवाद बढ़ने पर डॉ. जुनेजा ने इस औपचारिक मुलाकात बताया था और भाजपा में ही बने रहने की बात कही थी। मगर, इसी मुलाकात के 15 दिन डॉ. जुनेजा के पटेल नगर स्थित जुनेजा क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की थी।

## मां गई थी मायके बच्ची के साथ चाचा ने किया दुराचार

**जुलाना।** जुलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। चाचा पर ही नाबालिग लड़की के साथ दुराचार करने का आरोप लगा है। जुलाना थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मायके गई हुई थी। नौ अप्रैल को उसके पति ने कॉल कर बताया कि उसके भाई ने उसकी लड़की के साथ गलत काम किया है। जब वह घर आई तो उसकी 10 वर्षीय लड़की ने बताया कि उसके चाचा ने उसके साथ गलत काम किया है। यह बात किसी को बताने पर उसकी लड़की को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। जुलाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बोर्ड की अंक सुधार परीक्षा के लिए अब 12 तक करें आवेदन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत सेकेंडरी/सीनियर सेकेंडरी (नियमित) एवं गुरुकुल/विद्यापीठ (पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक) की दो बार परीक्षा आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया है। इस परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 12 अप्रैल, 2026 कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि जो विद्यार्थी अपनी दी गई परीक्षा से संतुष्ट नहीं हैं, ऐसे परीक्षार्थी अतिरिक्त विषय को छोड़कर अधिकतम किन्हीं भी 3 विषयों की पुनः परीक्षा दे सकते हैं। जो परीक्षार्थी अपरिहार्य कारणों जैसे गंभीर बीमारी/चोट/खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता आदि के कारण परीक्षा से वंचित रहे थे, वह भी परीक्षा दे सकते हैं।

### मंत्री बेदी को सौंपी आंबेडकर जयंती की जिम्मेदारी

# 13 से 20 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान पंचकूला में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री कृष्ण बेदी को प्रदेश के अंदर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन पर प्रदेश में कार्यक्रम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के मंत्री कृष्ण बेदी का कहना है कि बाबा साहब आंबेडकर ने अलग देश की मांग ठुकराकर देश के और टुकड़े होने से बचाने का काम किया था। उन्होंने शोषित पीड़ित समाज को मजबूत करने और सामाजिक समरसता, एकता व अखंडता के लिए उन्होंने काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे जिम्मेदारी दी है, हर साल की तरह इस बार भी आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके तहत बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर पर संगोष्ठी समेत अनेक कार्यक्रम होंगे। दलित बस्तियों में जाकर स्वच्छता की मुहिम चलाने के साथ ही बाबा साहब की प्रतिमा जहां भी हैं, वहां पर भी मुहिम चलेगी।


मंत्री कृष्ण बेदी।

### पंचकूला कार्यक्रम के लिए कमेटी गठित

बेदी ने कहा कि पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में डॉ. आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 13 से 20 अप्रैल तक प्रदेश में व्यापक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जाएगी। पंचकूला कार्यक्रम के लिए कमेटी गठित की गई है। इसमें एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता, पूर्व मंत्री अनूप धानक, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री मक्खन सिंह और राजकुमार कटारिया को शामिल किया है।




## खबर संक्षेप

### पवन खेड़ा को हाईकोर्ट ने दी अग्रिम जमानत



**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम में दर्ज एक मामले में एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। यह राहत शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। इस दौरान उन्हें कुछ शर्तों के साथ गिरफ्तारी से राहत मिलेगी।

### उपराष्ट्रपति ने सिंधी संस्करण लॉन्च किया



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया। यह सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर किया गया।

### 114 नए राफेल स्वदेशी मिसाइलों से होंगे लैस

**नई दिल्ली।** भारत फ्रांस से 114 नए राफेल फाइटर जेट खरीद रहा है। इन जेट्स को स्वदेशी मिसाइलों और हथियार सिस्टम से लैस किया जाएगा। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, डील में इंटरफेस कंट्रोल डॉक्यूमेंट शामिल किया जाएगा। इसके जरिए तय होगा कि राफेल जेट और स्वदेशी हथियार आपस में कैसे जुड़ेंगे और साथ काम करेंगे। रक्षा मंत्रालय अगले महीने राफेल फाइटर जेट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करेगा।

**भाजपा का बंगाल चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी**

# बंगाल में 6 महीने में यूसीसी लगाएंगे



**ये बड़े वादे**

- पश्चिम बंगाल से भय को खत्म करेंगे भरोसा कायम होगा
- हर घोटाले, हर रेप केस की फाइल खुलेगी और जांच कराई जाएगी
- पश्चिम बंगाल के खड़गपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र में एक रोडशो किया

भाषा ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी करते हुए घुसपैठ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने, समान नागरिक संहिता लागू करने और महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए व्यापक कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां 'संकल्प पत्र' जारी कर इसे 'सोनार बांग्ला' के निर्माण की रूपरेखा बताया और ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पिछले 15 वर्षों का शासन राज्य की जनता के लिए ₹बुरे सपने जैसा₹ साबित हुआ है। चुनावी मुकाबले को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा, घुसपैठ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जनमत-संग्रह में बदलने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस से ऊब चुका पश्चिम बंगाल अब बदलाव चाहता है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार घुसपैठियों के खिलाफ ₹डिटेक्ट (पहचान करना), डिलीट (हटाना) और डिपोर्ट (निर्वासित करना) की नीति अपनाएगी।

**ममता बनर्जी का भाजपा पर निशाना**

# सांप पर भी भरोसा लेकिन उन पर नहीं



**लगाए आरोप**

- बंगाल की मुख्यमंत्री ने उत्तर 24 परगना में चुनावी रैली में गरजीं
- उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को लेकर पूरी ट्रेन असम भेजी गई
- भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी कामगार अत्याचार झेल रहे

एजेंसी ▶▶| तेंतुलिया (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम निवासियों के वोट के दम पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं थी इसलिए वह वहां के चुनाव के लिए बाहर से लोगों को लेकर आई। बनर्जी ने उत्तर 24 परगना जिले के तेंतुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार के रहते देश में कोई भी एजेंसी तटस्थ नहीं है क्योंकि भाजपा ने 'सबको खरीद लिया है।' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को लेकर एक पूरी ट्रेन असम भेजी गई। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए मतदान बृहस्पतिवार को एक चरण में हुआ। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में दो चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस और भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज होने के बीच कहा, "सांप पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन भाजपा पर नहीं।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में भी बाहर से लोगों को लाने के लिए इसी तरीके का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है।

## पतंजलि अनुसंधान संस्थान लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार



- यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम : आचार्य बालकृष्ण

वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डॉ पीडी सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म रोधी गुणों को उजागर किया गया है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### गगनयान मिशन का दूसरा क्रू मॉड्यूल टेस्ट सफल

*नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो ने शुक्रवार को दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगा। टेस्ट के दौरान लगभग 5.7 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया। कैप्सूल ने समुद्र में सेफ लैंडिंग की। पिछले 8 महीनों में क्रू कैप्सूल का दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट है। पहला टेस्ट 24 अगस्त 2025 को किया गया था।*

**कांग्रेस कार्य समिति की बैठक**

### राजनीतिक लाभ के लिए महिला आरक्षण को लेकर बुलाई संसद की बैठक : खरगे



- तीन दिवसीय बैठक बुलाना आचार संहिता का उल्लंघन

*नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को पार्टी की कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में महिला आरक्षण से संबंधित कानून में संशोधन करने के सरकार के कदम, प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया और पश्चिम एशिया संघर्ष पर विचार-विमर्श किया। कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई की यह बैठक संसद के वर्तमान बजट सत्र के तहत अगले सप्ताह होने वाली दोनों सदनों की तीन दिवसीय बैठक से कुछ दिन पहले हुई। संसद की तीन दिवसीय बैठक 16, 17 और 18 अप्रैल को होगी। कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में आयोजित बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, जयराम रमेश और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने और लोकसभा सीट की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 करने के लिए एक विधेयक लाने वाली है, जिसमें 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।*

**बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर गहमा- गहमी**

### भाजपा कोर ग्रुप की बैठक टली, सरकार के गठन पर चर्चा, नाम पर नहीं लगी मुहर

- प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मिले, बिहार के नेतागण दिल्ली से पटना लौटे

*नई दिल्ली/ पटना(एजेंसी)। बिहार भाजपा कोर ग्रुप की प्रस्तावित बैठक, जो शुक्रवार शाम 6 बजे होनी थी, अब आयोजित नहीं हो सकी। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वापस पटना चले हैं, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी पटना लौट गए। वहीं, भाजपा के बिहार प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने दोनों डिप्टी सीएम से अलग-अलग मुलाकात की। इन बैठकों में बिहार में भाजपा की अगली सरकार के गठन को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में एनडीए के शीर्ष नेता बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम और मंत्रिस्तरीय विभागों के वितरण को अंतिम रूप देने वाले थे। इन फैसलों को संभवतः प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार की उपस्थिति में लिया जाएगा, जो बैठक के महत्व को रेखांकित करता है जहां बिहार में नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी। भाजपा की इस बैठक में नए सीएम के नाम सहमति बनाने की कोशिश होनी थी, जिसके बाद संसदीय बोर्ड बैठक में मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाई जाती।*

## वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए विश्व की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च की

**जामनगर (गुजरात)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन ऑर्गनाइज़ेशन, वनतारा ने जामनगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है।



यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी। वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। इसका पाठ्यक्रम भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य-पूर्ण और भविष्य-उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा।

अनंत अंबानी ने कहाकि संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्तिगत अनुभव से प्रेरित है।



## चिंतन

# देर से सही, लेकिन देना ही पड़ा इस्तीफा

नोटकांड में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को देर से ही सही, लेकिन आखिरकार इस्तीफा देना ही पड़ा। यह केवल एक व्यक्ति का पद छोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका की साख पर लगे एक गहरे दाग की स्वीकारोक्ति जैसा ही है। एक जज के घर से बोरियों में भारी मात्रा में नोटों का मिलना, वह भी आग लगने जैसी घटना के बाद, किसी साधारण अनियमितता का मामला नहीं हो सकता। यह सीधे-सीधे उस नैतिकता और शुचिता पर सवाल है, जिसकी उम्मीद न्यायाधीशों से की जाती है। होली 2025 की रात दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने के बाद जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने की घटना ने देश को चौंका दिया था। इसके बाद शुरू हुई जांच, ट्रांसफर, और न्यायिक कार्य से दूरी, ये सभी घटनाक्रम बताते हैं कि मामला कितना गंभीर था। दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण भी कई सवाल छोड़ गया। क्या यह एक अस्थायी समाधान था या वास्तविक कार्रवाई से बचने का रास्ता? भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद स्तंभ माना जाता है, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद भी इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो जनता का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस मामले ने इसी बुनियादी सिद्धांत को चुनौती दी है। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस्तीफा ही पर्याप्त दंड है? या फिर इसके आगे आपराधिक जांच और सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए? संसद में महाभियोग की प्रक्रिया जरूर मौजूद है, लेकिन इसकी जटिलता और लंबाई इसे अक्सर अप्रभावी बना देती है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जस्टिस वर्मा ने आरोपों को साजिश बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी द्वारा करवाई गई जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। ऐसे विरोधाभासी दावों के बीच पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग और तेज हो जाती है। क्या जांच की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि आखिर सच क्या है? इस पूरे घटनाक्रम ने न्यायपालिका के भीतर की इन-हाउस प्रणाली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह प्रणाली इतनी सक्षम है कि वह अपने ही भीतर की गड़बड़ियों को निष्पक्षता से उजागर कर सके? या फिर इसमें बाहरी निगरानी की जरूरत है? यह समय इन सवालों से बचने का नहीं, बल्कि उनका सामना करने का है। देश में न्यायपालिका की ताकत उसकी नैतिक विश्वसनीयता में निहित होती है। अगर यही आधार कमजोर पड़ने लगे, तो पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि इस मामले को केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानकर भुला न दिया जाए, बल्कि इसे एक चेतावनी के रूप में भी लिया जाए। अब जरूरत है न्यायपालिका में ठोस सुधारों की। जजों के लिए आचार संहिता को और कड़ा किया जाए, नियुक्ति और निगरानी प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए और आरोप साबित होने पर त्वरित व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी उसकी जवाबदेही। अंततः, देर से ही सही लेकिन न्याय की जीत हुई है। चूंकि देर-सबेर जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देना ही था। लेकिन यशवंत वर्मा का इस्तीफा एक अंत नहीं, बल्कि शुरुआत होना चाहिए एक ऐसे सुधार की, जो न्यायपालिका को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और भरोसेमंद बना सके। लोकतंत्र में न्याय का मंदिर तभी मजबूत रहेगा, जब उसकी नींव पूरी तरह निष्कलंक हो।



# ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

जयंती विशेष
नरेंद्र मोदी

आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक तथा पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती है। हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है।

पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है।

उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के



लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना।

यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है।

वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं,, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
सतीश सिंह



# मौद्रिक समीक्षा पर युद्ध और महंगाई का साया

वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने 8 अप्रैल को जारी अपनी मौद्रिक नीति में सतर्क रुख अपनते हुए रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। साथ ही, केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति को 'न्यूट्रल' भी बनाए रखा अर्थात यह जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने के बजाय अभी वह हालात पर नजर रखेगा और बदलती स्थिति के अनुसार आने वाले दिनों में समीचीन फैसला लेगा। इस क्रम में यह भी बताना जरूरी है कि रिजर्व बैंक पहले ही रेपो दर में 125 बेसिस पॉइंट्स की कटौती कर चुका है और उसका पूरा फायदा बैंकों ने ग्राहकों को नहीं दिया है। इसके अलावा, हाल में रिजर्व बैंक ने ओपेन मार्केट ऑपरेशन के जरिये बॉन्ड खरीदकर बैंकिंग प्रणाली में पैसा डाला था। इस तरह, अभी बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त पैसा है। ऐसे में अगर केंद्रीय बैंक रेपो दर में कटौती भी करता तो भी उधारी के उठाव में बहुत ज्यादा इजाफा नहीं होता। बहरहाल,रिजर्व बैंक के इस फैसले से रियल एस्टेट क्षेत्र को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं होने से होम लोन का ब्याज नहीं बढ़ेगा और लोगों के लिए घर खरीदना आसान होगा। साथ ही, होम लोन के वर्तमान ग्राहकों की किस्त और ब्याज में वृद्धि नहीं होगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर के अनुसार एक तरफ दुनिया भर में अनिश्चितता, महंगा तेल और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत दिख रही है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.6% रहने का अनुमान है, जो यह दर्शाता है कि देश में खपत, निवेश और सरकारी नीतियों का असर मजबूत रहा है। हालांकि,अब चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.9% रह सकती है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का असर भारत में पेट्रोल, एलपीजी और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले डीजल जैसे ईंधनों की कीमतों पर पड़ रहा है और इसका प्रभाव धीरे-धीरे घरेलू स्तर पर भी परिलक्षित हो रहा है। अगर हालात ऐसे ही बने रहते हैं तो ऊर्जा और अन्य कमोडिटी की ऊंची कीमतें मिलकर 2026-27 में देश के विविध उत्पादों के उत्पादन पर भी दबाव डाल सकती हैं। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के मुताबिक भी मौजूदा स्थिति ने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाने की चुनौती को और जटिल बना दिया है। इनमें कच्चे तेल और ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में संभावित बाधाएं और इन सब के चलते महंगाई के दोबारा बढ़ने की आशंका शामिल है। मामले में अच्छी बात यह है कि घरेलू मांग अभी भी बनी हुई है। शहरों में लोग खर्च कर रहे हैं और गांवों में भी हालात ठीक हैं। रिजर्व बैंक के अनुसार अच्छी फसल, बेहतर रोजगार और सरकार का विनिर्माण पर फोकस बना हुआ है, जिससे मांग के बने रहने की संभावना है। हां, मौजूदा स्थिति में निवेश की समस्या उत्पन्न हो गई है। डॉलर के मुक़ाबले रुपये में अभूतपूर्व कमजोरी आने और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बने रहने के कारण विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं, जिसे रोकने के लिए सरकार को विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए टैक्स दर को कम और कर संरचना को सरल बनाना होगा। इसके बरक्स कर दर कम और इसके नियम सरल करने होंगे और निवेशकों को भरोसा देना होगा, तभी विदेशी निवेशक बिकवाली नहीं करेंगे। वित्त वर्ष 2027 में महंगाई करीब 4.9% और विकास दर 6.8 से 7% के बीच रह सकती है, बशर्ते मौजूदा पश्चिम एशिया संघर्ष ज्यादा लंबा न चले। ऐसे परिदृश्य में ब्याज दरें पूरे साल स्थिर रह सकती हैं। इससे आने वाले दिनों में रुपये में स्थिरता आ सकती है और 10 साल के बॉन्ड यील्ड 6.8–7% के दायरे में रह सकते हैं। कुल मिलाकर, आने वाले महीनों में महंगाई का रुख काफी हद तक ऊर्जा की कीमतों और मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। बैंकिंग सेक्टर की बात करें तो चौथी तिमाही के मजबूत बने रहने की उम्मीद है, क्योंकि क्रेडिट ग्रोथ में सुधार देखा गया है। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि फिलहाल अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है,लेकिन अगर वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में तनाव बनी रहती है तो महंगाई में इजाफा होने के साथ-साथ आपूर्ति श्रंखला बाधित होने से कई वस्तुओं के उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए,असली चुनौती अभी आने वाली है। अब सिर्फ ब्याज दरें नहीं, बल्कि निवेश, वैश्विक हालात, तेल की कीमतें और मानसून मिलकर तय करेंगे कि भारत की अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से आगे बढ़ेगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो ग्रोथ बनी रहेगी। अगर बाहरी झटके बढ़े, तो मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध



श्री श्री रविशंकर

## दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है। यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें। करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

## प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युद्धविराम से उभरती नई विश्व व्यवस्था

मध्य पूर्व में पिछले चालीस दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बाद जब अमरीका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल दो देशों के बीच शांति का क्षण भर का प्रयास नहीं था, बल्कि वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती दी, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाला। ऐसे में यह युद्धविराम आशा की एक किरण के रूप में देखा जा रहा है, किंतु इसके पीछे छिपी जटिलताएं और भविष्य की अनिश्चितताएं भी उतनी ही गंभीर हैं। होर्मुज स्ट्रेट, जो विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्र बन गया था। -शेखर वधवा, पानीपत

## ट्रेंड

### सफलता की कुंजी



आपकी परिस्थितियां, संघर्ष और सपने ही आपको अद्वितीय बनाते हैं। इसलिए, अपनी क्षमताओं और खूबियों को पहचानें और फिर पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ें। यही संतुलन सच्ची खुशी व सफलता की कुंजी है।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### महत्वपूर्ण बदलाव



संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण अब देश में बेहद खुशी और उत्साह का क्षण है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस अधिनियम को लाने के लिए इतना बड़ा प्रयास किया। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित होगा।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### उन्नत तकनीकों का प्रयोग



हमारे किसान भाइयों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाना चाहिए। मिट्टी की सेहत का ध्यान रखते हुए, संतुलित उर्वरकों का उपयोग और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों का प्रयोग समय की आवश्यकता है।
- भजनलाल, सीएम, राजस्थान

### महिला आरक्षण



लंबे समय तक चुप्पी साधने के बाद मोदी सरकार अचानक महिला आरक्षण के मुद्दे पर सक्रिय हो गई है। इस बारे में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के मुद्दे पर 16 से 18 अप्रैल तक संसदीय बैठक तय है।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया एवं चीन सहयोग और गहरा करने पर सहमत



उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ' 'गहन विचार–विमर्श' ' किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने अपनी बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की लेकिन उन्होंने इन मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि दोनों पक्ष विदेश नीति से जुड़े मामलों को संभालने वाली अपनी एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद मजबूत करने पर भी सहमत हुए। किसी भी समाचार संस्थान ने यह नहीं बताया कि चोए और वांग ने अमेरिका पर चर्चा की या नहीं, या फिर पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे अन्य मुद्दों पर बात हुई या नहीं। वांग ने उत्तर कोरिया की यात्रा ऐसे समय की है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ पुनर्निर्धारित शिखर सम्मेलन के लिए बीजिंग जाने वाले हैं।

## ऑफ बीट

# मानव शरीर का 'डिजाइन परफेक्ट' नहीं : अध्ययन



मानव शरीर में रीढ़ अर्थात स्पाइन इस तर्क का सबसे अच्छा उदाहरण है। हमारी कशेरुक स्तंभ यानी वर्टिब्रल कॉलम का विकास चार पैरों वाले, पेड़ों पर रहने वाले पूर्वजों से हुआ, जहां इसका मुख्य कार्य लचीलेपन के साथ शाखाओं के बीच चलना और स्पाइनल कॉर्ड की रक्षा करना था। जब मनुष्य सीधा चलने लगा, तो रीढ़ को शरीर का वजन संभालने और संतुलन बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली तथा उस पर दबाव बढ़ा। रीढ़ का लचीलापन वजन को संतुलित करने में मदद करता है, लेकिन इससे कमर दर्द, डिस्क खिसकने और अन्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ता है। ये समस्याएं इसलिए आम हैं क्योंकि रीढ़ वह काम कर रही है, जिसके लिए वह मूल रूप से विकसित नहीं हुई थी। गर्दन में मौजूद 'रिकरेंट लेरिंजियल नर्व' भी एक असामान्य संरचना का उदाहरण है। यह नस वेगस नर्व की शाखा है तथा हृदय की गति और आराम और पाचन के दौरान धड़कन तथा श्वांस को नियंत्रित करती है। यह बोलने व निगलने में भी मदद करती है। सीधे रास्ते से मस्तिष्क से गले तक जाने के बजाय यह नस पहले छाती में नीचे जाती है, एक प्रमुख धमनी के चारों ओर घूमती है और फिर वापस गले तक आती है। यह जटिल मार्ग किसी बुद्धिमान डिजाइन का परिणाम नहीं, बल्कि मछली जैसे पूर्वजों से विरासत में मिला है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप

# आयुष का उलटफेर, क्रिस्टी बाहर, सेफा में एंट्री

एजेंसी ▶▶| निंगबो

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने कॅरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की। मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी का सामना अब थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण से होगा, जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन हैं।

### क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर की पहली भिड़ंत




यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। शेट्टी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के साथ मिलकर रणनीति रूप से पूरी तरह तैयार दिखे, जो पहले क्रिस्टी के भी कोच थे। भारतीय खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के हर शॉट का करारा जवाब दिया और अपने कोण और अनुशासित डिफेंस से उन्हें परेशान कर दिया। शेट्टी शुरु में शेट्टी 2-0 और 5-3 से आगे चल रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने फिर नियंत्रण बनाकर स्कोर 6-5 कर लिया। इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने अपनी गति और कोण में लगातार बदलाव किया, जिससे छह फुट चार इंच लंबे भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बन गया। क्रिस्टी इस तरह 9-6 से आगे हो गए और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाए थे। मंगलुरु के शेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए जल्द ही अंतर खत्म कर दिया।

# भारत ने 16 पदक जीते, इनमें 9 हरियाणा के खिलाड़ियों ने कब्जाए

## ▶▶| एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण पदकों के साथ भारत दूसरे स्थान पर रहा

- महिला वर्ग में 4 गोल्ड के साथ भारत नंबर वन पर
- अंतिम दिन भिवानी के सचिन ने रजत पदक जीता
- चेन्नई के विश्वनाथ सुरेश को स्वर्ण पदक
- हर्ष चौधरी, आकाश, लोकेश और नरेंद्र को कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में भारत ने पांच स्वर्ण, तीन रजत, आठ कांस्य और कुल मिलाकर 16 पदक जीते। जिसमें हरियाणा के नाम 9 पदक रहे। भारत पांच स्वर्ण पदकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। इस प्रदर्शन में भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा, जिसने चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों सहित 10 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है। यह प्रतियोगिता मंगोलिया में आयोजित की गई। शुक्रवार को पुरुषों के फाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें 50 किलोग्राम वर्ग में चेन्नई के बॉक्सर विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में विश्वनाथ ने जापान के दाइची इवाई को 5-0 के शानदार अंतर से हराया। इससे पहले टूर्नामेंट में, भारतीय मुक्केबाज ने क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन और नंबर 1 संझार ताशकेनबे को मात दी थी। हरियाणा में भिवानी के सचिन ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में भारत के खाते में रजत पदक जोड़ा। अन्य चार भारतीय मुक्केबाज हर्ष चौधरी (90 किलोग्राम), आकाश (75 किलोग्राम), लोकेश (85 किलोग्राम) और नरेंद्र (+90 किलोग्राम) कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

### हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने दी बधाई



हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी और हमारी महिला मुक्केबाजों के लिए यह एक उल्लेखनीय अभियान रहा है, जिन्होंने चार स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। हमारी पुरुष टीम ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हम उभरती प्रतिभाओं की एक नई लहर और कई पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बड़े मंच पर आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं, जो भारतीय मुक्केबाजी के भविष्य के लिए बेहद शुभ संकेत है।

## खबर संक्षेप



### मास्टर्स टूर्नामेंट: आरोन राय संयुक्त 10वें स्थान पर

**आगस्टा।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की लेकिन आखिर में उनका स्कोर एक अंडर 71 रहा, जिससे वह 90वें मास्टर्स टूर्नामेंट में पहले दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। वह शीर्ष पर चल रहे मौजूदा चैंपियन रोरी मैकलॉय और सैम बर्न्स से चार शॉट पीछे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। वह अभी संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। उन्होंने बैक नाइन पर तीन बोगी और एक डबल बोगी की, जिसके कारण वह अच्छी शुरुआत के बावजूद नीचे खिसक गए।

### जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच बने वाइट



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे।

### व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने किया क्वालीफाई




**नई दिल्ली।** भारत की 3x3 महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक स्कॉटिश इवेंट कैंपस में खेली जाएगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ एशिया ओशिनिया क्वालीफायर के के जरिए क्वालीफाई किया है। इसमें केवल इन दोनों टीम ने ही हिस्सा लिया था और उन्होंने क्रमशः एशिया और ओशिनिया का प्रतिनिधित्व करते हुए क्वालीफाई किया।

## आईपीएल: राजस्थान की लगातार चौथी जीत, जुरेल ने भी फिफ्टी लगाई

# सूर्यवंशी फिर साबित हुए धुरंधर, रॉयल्स ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

भाषा ▶▶| गुवाहाटी




वैभव बने मैन आफ द मैच

भारतीय क्रिकेट के 'धुरंधर' सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को छह विकेट से हराकर अपना अश्वमेधी अभियान जारी रखा। उनकी उम्र के बाकी बच्चे जहां दसवीं बोर्ड के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, वहीं बिहार के समस्तीपुर के 15 वर्ष के इस लड़के ने आरसीबी जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ 202 रन के लक्ष्य के जवाब में रॉयल्स को दो ओवर बाकी रहते एकतरफा जीत दिलाई। ध्रुव जुरेल ने 43 गेंद में नाबाद 81 रन बनाकर 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभाई। रॉयल्स को एक बार फिर धमाकेदार शुरूआत दी सूर्यवंशी ने जो इस सत्र में नामी गिरामी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने में तनिक भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। पिछले मैच में जहां उन्हें जसप्रीत बुमराह का मानमर्दन किया तो इस बार जोश हेजलवुड की बारी थी। टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हेजलवुड की गेंदों पर सूर्यवंशी ने लगातार तीन चौके जड़े। वहीं तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह की गेंद पर लांग आन सीमा के ऊपर 80 मीटर का छक्का लगाया। उन्होंने 78 रन की अपनी पारी में 74 रन 15 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों के साथ बनाये। जुरेल और सूर्यवंशी ने दूसरे विकेट के लिये 6.1 ओवर में 108 रन जोड़े।

जुरेल ने अभिनंदन को खासी नसीहत देते हुए उनके एक ओवर में 24 रन बनाये। क्रिकेट जगत में जहां 200 के स्ट्राइक रेट की बात होती है, सूर्यवंशी ने 300 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये। ऐसा लग रहा है मानो वह रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराने ही नहीं बल्कि आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के इरादे से मैदान पर उतरते हैं। इससे पहले रजत पाटीदार की कप्तानी पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने विकेटों के पतन के बीच आठ विकेट पर 201 रन बनाये। पाटीदार ने 40 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 63 रन बनाये। एक समय पर आरसीबी के छह विकेट 94 रन पर गिर गए थे जिसके बाद उन्होंने मोर्चा संभाला।

### बेंगलुरु-201/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल साल्ट का जुरेल बो आर्चर | 0 |
| विराट कोहली बो बिश्नोई | 32 |
| देवदत्त का हेटमायेर बो आर्चर | 14 |
| रजत का फरेरा बो शर्मा | 63 |
| कृणाल का हेटमायेर बो बिश्नोई | 1 |
| जितेश शर्मा पगबाधा बो बृजेश | 5 |
| डेविड का हेटमायेर बो बृजेश | 13 |
| रोमारियो का बृजेश बो जडेजा | 22 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 29 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 9 |

अतिरिक्त : 13 रन

योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन

विकेट पतन : 1-0, 2-45, 3-58, 4-62, 5-76, 6-94, 7-125, 8-166

गेंदबाजी: आर्चर 3-0-33-2, बर्गर 3-0-32-0, शर्मा 4-0-47-1, बिश्नोई 4-0-32-2, जडेजा 2-0-14-1, बृजेश 4-0-37-2

### रॉयल्स-202/4 (18)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का शर्मा बो हेजलवुड | 13 |
| सूर्यवंशी का कोहली बो पंड्या | 78 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 81 |
| शिमरोन का हेजलवुड बो पंड्या | 0 |
| रियान का पंड्या बो हेजलवुड | 3 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 24 |

अतिरिक्त : तीन रन

योग : 18 ओवर में चार विकेट पर 202 रन

विकेट पतन : 1-21, 2-129, 3-129, 4-134

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-37-0, हेजलवुड 4-0-44-2, अभिनंदन 3-0-54-0, पंड्या 4-0-30-2, डेविड 1-0-18-0, शेफर्ड 2-0-18-0

### हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए केकेआर के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी।

- मैच आज दोपहर 3.30 बजे से

### सीएसके खाता खोलने को बेताब आज दिल्ली से सामना

**चेन्नई।** सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है।

आज रात 7.30 बजे से दोनों टीमों में भिड़ंत

जूनियर नेशनल चैंपियनशिप

## हरियाणा की बेटियां छत्तीसगढ़ में बनीं ओवरऑल चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जूनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप के पहले ही दिन हरियाणा की महिला पहलवानों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए पूरे देश में प्रदेश का मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ की धरती पर खेलते हुए हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए, जिनमें 7 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। इस दमदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा ने 230 अंक हासिल कर चैंपियनशिप में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

- 7 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर चमकाया नाम

इसमें दीपांशी (50 किग्रा), मुस्कान (53 किग्रा), रजनीता (59 किग्रा), श्वेता (62 किग्रा), मुस्कान (65 किग्रा), कृति (68 किग्रा) और शिक्षा (72 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर स्वर्ण पदक जीते।

वहीं काजल (55 किग्रा) और मनीषा (76 किग्रा) ने रजत पदक पर कब्जा किया, जबकि तपस्या (57 किग्रा) ने कांस्य पदक जीतकर टीम के स्कोर में इजाफा किया। इस बड़ी सफलता पर खुशी जताते हुए हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने कहा कि बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा कुश्ती का गढ़ है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि आज हम 230 अंकों के साथ देश में नंबर एक पर हैं। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। कोच मनदीप ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि मैट पर खिलाड़ियों ने जिस तकनीक और आक्रामकता का परिचय दिया, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता: मीनाक्षी ने रजत और मोनिका ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए मैचों में भारत की महिला पहलवान मीनाक्षी गोयत ने रजत और मोनिका भारत ने महिला फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में चार कांस्य और एक रजत पदक के साथ अपना सफर समाप्त किया। सोनीपत की मीनाक्षी ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दो बार की विश्व पदक विजेता अंतिम पंघाल को हराकर एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की, ने अपने पहले ही मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने उज्बेकिस्तान और दक्षिण कोरिया की पहलवानों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जो उनके लिए बहुत मुश्किल साबित हुआ और वह चीन की झांग जिन से महज 53 सेकंड में हार गईं। वहीं, राजस्थान की मोनिका ने दक्षिण कोरिया की हानबिट ली को 9-0 से हराकर महिलाओं के 65 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों ने भी धमाकेदार शुरुआत की, सुजीत कलकल (65 किलो), अभिन्यु मंडवाल (70 किलो) और संदीप मान (79 किलो) फाइनल में जगह बनाई। तीनों शनिवार को स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, उनके साथ 57 किलोग्राम वर्ग में अंकुश चंद्रम और 97 किलोग्राम वर्ग में विक्की हुडा भी कांस्य पदक के लिए लड़ेंगे।

### जोशी ने चार शॉट से जीता खिताब




**विशाखापत्तनम।** खालिन जोशी ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 69 के स्कोर के साथ शुक्रवार को आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के 33 वर्षीय पेशेवर खिलाड़ी ने 68-68-70-69 के कार्ड खेलकर नौ अंडर 275 का कुल स्कोर बनाकर चार शॉट के अंतर से शीर्ष स्थान हासिल किया। पीजीटीआई में खालिन की यह सातवीं जीत है। इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपए का इनाम मिला और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग में वह 55वें से 12वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65) ने अंतिम दौर में कोर्स-रिकॉर्ड छह अंडर 65 का स्कोर बनाकर ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में पांच अंडर 279 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह तीसरे दौर के बाद 13वें स्थान पर थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सत्र की रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार (70-74-68-68) ने दुबई के यश मजमूदार (71-69-69-71) के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। उनका स्कोर चार अंडर 280 रहा।

कैंडिडेट्स शतरंज

## बढ़त को और बढ़ाने आज गोर्याचकिना से भिड़ेंगी वैशाली



एजेंसी ▶▶| पाफोस

आर. प्रज्ञानानंदा के खिताबी दौड़ से बाहर होने के बाद सबका ध्यान उनकी बहन आर. वैशाली पर लगा हुआ है, जो एकल बढ़त बनाए हैं और विश्राम के बाद शनिवार को महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 11वें दौर में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का सामना करेंगी। वैशाली का लक्ष्य अपनी बढ़त को और बढ़ाना और खिताब के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करना है। अगर वह ऐसा कर पाती हैं तो उन्हें इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। चार दौर बाकी रहते हुए वैशाली तीन भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे चल रही हैं। वह अपने छोटे भाई आर प्रज्ञानानंदा (ओपन वर्ग) और दिव्या देशमुख से आगे हैं। वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और चीन की झू जिनर पर आधे अंक की बढ़त बनाई हुई है।

## फीफा ने किया 52 रेफरी का चयन, तीन देश करेंगे मेजबानी

# फुटबॉल विश्व कप में इस बार फिर दिखेंगी महिला रेफरी

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेगी। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है।





### टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी लेंगे हिस्सा

फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी हिस्सा लेंगे, जिनमें 52 रेफरी, 88 सहायक रेफरी और 30 वीडियो मैच अधिकारी शामिल हैं। यह संख्या विश्व कप 2022 में शामिल 139 मैच अधिकारियों से अधिक है। विश्व कप 2026 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप है, जिसमें 48 टीमें भाग लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। यही नहीं यह पहला विश्व कप होगा, जिसकी सह-मेजबानी तीन देश करेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां.अभि./कै. एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या vehicle-Hiring-2025-26 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व समय 01.05.2026, 17:00 है, जो उसी दिन 17:05 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

ई निविदा सूचना सं. - vehicle-Hiring-2025-26

| S. No. | कार्य का नाम | एडवरटाईजड वैल्यू | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंबाला मंडल में तैनाती हेतु चार श्रेणियों में वाहनों के मासिक किराया आधार (2800 किमी/माह) पर 24x7 उपलब्धता सहित दर अनुबंध | दर अनुबंध | Rs. 50,000 | 24 माह | 01.05.2026 |

**नोट:** 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. निविदा सूचना / निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **संख्या: vehicle-Hiring-2025-26 दिनांक: 10.04.2026** **1222/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com

Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




### विशेष आर्थिक पैकेज और उच्च शिक्षा क्षेत्र में किए गए एमओयू

# विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि पिछले एक वर्ष में भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पोर्ट लुई में मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से भेंट के बाद विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि चर्चा में समुद्री सहयोग, विकास साझेदारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता विकास और जन-संबंधों सहित कई क्षेत्र शामिल थे। उन्होंने मॉरीशस की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप भारत का निरंतर समर्थन दोहराया। डॉ. जयशंकर गुरुवार को नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉरीशस पहुंचे थे। अपने दौरे के दूसरे चरण में, विदेश मंत्री इस महीने की 11 से 12 तारीख को संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे।


मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात करते विदेश मंत्री जयशंकर

**मॉरीशस के सिविल सेवकों को समर्पित पहला आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल लॉन्च**

## विदेश नीति में मॉरीशस का विशेष स्थान

जयशंकर ने कहा कि भारत की तीन प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं – पड़ोसी प्रथम नीति, महासागर परिकल्पना और ग्लोबल साउथ के लिए प्रतिबद्धता – में मॉरीशस का एक विशेष स्थान है। भारत ने मॉरीशस में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार में सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल समाधानों के क्षेत्र में भारत और मॉरीशस के बीच एक व्यापक और गतिशील साझेदारी है।

### 11 परियोजनाओं का उद्घाटन

भारत और मॉरिशस के बीच विशेष आर्थिक पैकेज अनुबंध पर हस्ताक्षर हुआ जो मॉरीशस के बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य और सुरक्षा में मदद करेगा। मॉरीशस के उच्च शिक्षा आयोग और यूजीसी इंडिया के बीच सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान किया गया है। मॉरीशस में सतत विकास, ऊर्जा, खेल और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारत समर्थित 11 उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ।

## जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री मोटेगी से की बात



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोटेगी से शुक्रवार को फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज स्ट्रेट के खोलने को लेकर ताजा स्थिति पर चर्चा की। जापानी विदेश मंत्री ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान मारे गए भारतीयों के प्रति शोक जताया। वहीं जापानी विदेश मंत्री मोटेगी ने लिखा कि हमने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात, होर्मुज स्ट्रेट में नेविगेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने समेत हालात को स्थिर करने और ऊर्जा और संसाधनों की सप्लाई क्षमता की मजबूती बढ़ाने जैसे दूसरे मुद्दों पर बात की।

## अगले महीने भारत आएंगे मार्को रुबियो

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के इलाके में जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो अगले मई महीने में भारत की यात्रा करेंगे। जिसे लेकर शुक्रवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ हुई एक महत्वपूर्ण मुलाकात के बाद निर्णय लिया गया है। बतौर अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में रुबियो की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। जिसका मकसद नई दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित किए जाने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन से जुड़ी हुई रूपरेखा को अंतिम रूप देना है।

## कारगिल युद्ध के नायक वांगचुक का निधन

**नई दिल्ली (भाषा)।** वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में वीरता के लिए महावीर चक्र से सम्मानित पूर्व सेना अधिकारी कर्नल सोनम वांगचुक का शुक्रवार को निधन हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें "लद्दाख का गौरवशाली पुत्र" बताते हुए कहा कि 'ऑपरेशन विजय' के दौरान उनके वीरतापूर्ण कार्यों ने चुनौतीपूर्ण उच्च-ऊंचाई वाली परिस्थितियों में सेना के जवानों को प्रेरित किया। सेना ने पूर्व सैन्य अधिकारी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

**अब रूस-यूक्रेन युद्ध भी होगा खत्म!**

## ऑर्थोडॉक्स ईस्टर के मौके पर 2 दिन का युद्धविराम, शांति समझौते पर चर्चा जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों पक्षों ने इस वीकेंड ऑर्थोडॉक्स ईस्टर के मौके पर युद्ध में थोड़ा सा आराम देने का फैसला किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार देर रात आदेश जारी किया कि 11 अप्रैल को शाम 4 बजे से 12 अप्रैल तक रूसी सेना युद्ध रोक देगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पहले ही ईस्टर पर युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सेना भी रूस की सेना के समान ही युद्ध रोक देगी। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार किरिलो बुदानोव ने कहा कि शांति वार्ता की एक बड़ी सफलता यह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार को मध्यस्थ के रूप में लगातार जोड़े रखना। उन्होंने बताया कि यूक्रेन को उम्मीद है कि अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर अगले हफ्ते कीव आ सकते हैं। बुदानोव ने माना कि अब तक दोनों पक्ष 'बहुत ज्यादा' मांगें रख रहे थे, लेकिन उन्होंने कहा कि अब समझौता करने के लिए दोनों तरफ से रियायतें देने की दिशा में बात बढ़ रही है।

## कर्नल पुरोहित ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नत



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के चर्चित मालेगांव ब्लास्ट 2008 केस में 9 साल तक जेल में रहने के बाद बरी हुए कर्नल श्रीकांत पुरोहित को प्रमोशन मिल गया है। सेना ने उन्हें ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नति के लिए मंजूरी दे दी है। कर्नल पुरोहित की पदोन्नति की याचिका पर सुनवाई के बाद, 31 मार्च को होने वाली उनकी सेवानिवृत्ति पर रोक लगा दी थी।

## सीसीटीवी से पाक भेज रहे थे लाइव फीड, दिल्ली पुलिस ने पकड़ा



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय जासूसी और हथियारों की तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने दिल्ली और पंजाब से गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विदेशी और देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। और कई संदिग्ध सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।







Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Haryana. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**